एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन अरावली यात्रा एवं वस्त्र वितरण गतिविधि का आयोजन

By **Poonam Sagar** - March 5, 2023

199   0

बल्लबगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की एनएसएस की तीनों इकाईयों द्वारा 04 मार्च से 10 मार्च 2023 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.कृष्णकांत के दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। आज 05 मार्च 2023 को शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत प्रार्थना, योगा, व्यायाम, कसरत इत्यादि से हुई। तत्पष्चात कुछ स्वयंसेवको ने खेल कार्यक्रमों में भाग लिया जिसमें खो-खो, क्रिकेट, बैडमिंटन इत्यादि खेल कार्यक्रम शामिल रहे। आज दूसरे दिन एन.एस.एस.के 50 स्वयंसेवकों ने अरावली यात्रा की। जो सेव अरावली ट्रस्ट नामक एन.जी.ओ. के सहयोग से स्वयंसेवकों को अरावली के जंगलों, पहाड़ियों के प्रति संरक्षण व जागरूक कर स्वयंसेवकों को जंगलों की दशा और उपयोगिता दिखाना और उनके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करना है। सेव अरावली ट्रस्ट ने स्वयंसेवकों को बताया की पारिस्थितिक संतुलन के लिए जंगल व पहाड़ कितने ज़रूरी हैं और जिस प्रकृति ने हमें इतने संसाधन दिए जिसका हम भोग कर रहे हैं, तो अब समय है हम अपनी धरती माँ की सुरक्षा करें और कर्ज चुकाएं। साथ ही साथ आज ही के दिन स्वयंसेवकों के लिए एक व्याख्यान "सामाजिक जागरूकता भ्रश्टाचार उन्मूलन और चरित्र निर्माण" पर आयोजित कराया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवक और सतर्कता अधिकारी बृजपाल जी द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि को पौधा भेंट कर की गई, उन्होंने कहा कि सामाजिक जागरूकता लाना हमारी जिम्मेदारी है, जिसमें युवाओं का प्रतिषत सबसे अधिक है इसलिए हमें अपने उत्तरदायित्व को समझना चाहिए। उन्होंने कहा है कि इसके लिए सबसे अच्छा संगठन एन.एस.एस.है जोकि समाज सेवा के साथ जुड़कर समाज के कार्य करता है और जागरूकता लाता है । उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया की किस तरह से भ्रश्टाचार का उन्मूलन किया जा सकता है। साथ ही आज ही के दिन महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाईयों द्वारा पटेल नगर की बस्ती में जाकर बच्चों को कपडे भेंट कर सभी स्वयंसेवकों को आनन्द की अनुभूति प्राप्त हुई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने सभी कार्यक्रम अधिकारियों डॉ.शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा, डॉ. सीमा मलिक और स्वयंसेवकों को इस नेक काम के लिए बधाई व शुभकामनाएँ दीं।